Need to set up Healthcare and Welfare Centres for elderly people in the country- Laid

श्री मनसुखभाई धनजीभाई वसावा **(भरूच) :** विगत 70 वर्षों के दौरान 60 वर्ष की आयु से ऊपर के व्यक्तियों की संख्या बढ़कर तीन गुना हो गई है । उनमें से अधिकांश समाज के बदलते परिदृश्य के कारण संयुक्त परिवार व्यवस्था में नहीं है । वह अलग घरों में अकेले रहने के लिए विवश है जो बहुत ही खतरनाक है । व्यावसायिक कर्तव्यों के कारण उनके बच्चे अन्य कस्बों और शहरों तथा कभी-कभी विदेश में रहते हैं । इसके परिणामस्वरुप वृद्ध व्यक्ति उचित चिकित्सा परिचर्या और मदद प्राप्त नहीं कर पाते हैं । वृद्ध व्यक्तियों के लिए विशेषज्ञतायुक्त चिकित्सा केंद्रों की आवश्यकता है जिनमे चिकित्सीय रूप से प्रशिक्षित व्यावसायियों को उपलब्ध कराया जाना चाहिए । सरकार को पूरे देश में वयोवृद्ध व्यक्तियों के लिए स्वास्थ्य केंद्र स्थापित करने चाहिए । विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में वयोवृद्ध व्यक्तियों की देखभाल की जानी चाहिए । देश के प्रत्येक तालुका में इन व्यक्तियों की देखभाल करने के लिए वयोवृद्ध व्यक्ति कल्याणगृह स्थापित किए जाने चाहिए और इन गृहों के संचालन हेतु समर्पित स्वयंसेवियों का उपयोग किया जाना चाहिए । इस संबंध में मैं सरकार से एक व्यापक नीति के कार्यान्वयन हेतु पहल करने का आग्रह करता हूं ।